संक्षिप्त

भावना राठौड़ महासचिव बनी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। हाल ही में राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के संपन्न हुए चुनाव का नतीजा युवा कांग्रेस द्वारा जारी किया गया। जिसमें

श्रीमाधोपुर की भावना राठौड़ प्रदेश महासचिव पद पर व सूरज उर्फ विक्की बिवाल विधानसभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। भावना राठौड़ एडवोकेट आदित्य प्रताप सिंह नरूका की धर्मपत्नी है। नरूका भी वर्तमान में राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हैं। परिणाम जारी होने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। इस मौके पर पार्षद मनोहर सिंह शेखावत, राकेश ढोला, मदन चौहान, तनवीर नारंग ,अरुण चौहान, कृष्ण आशीवाल, छीतरस्वामी ,शिवम न्यारिया, पंकज आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हंसराज गुंजल जिलाध्यक्ष बने

टोंक, (निसं)। जिला परिषद सदस्य हंसराज गुंजल अब टोंक यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष होंगे। फरवरी माह में

एक महीना तक हुई ऑनलाईन वोटिंग में हंसराज गुंजल ने 5 हजार 840 वोटों में से 2 हजार 301 वोट के अंतर से आतिफ नकवी को हराया। गुंजल की ऐतिहासिक जीत पर उनके समर्थकों व युवाओं में काफी उत्साह एवं खुशी की लहर है। इस मौके पर टोंक जिले के सभी जन-प्रतिनिधियों व युवा साथियों ने गुंजल को माला, साफा व मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

61 चालान काटे

कोटपूतली, (निसं)। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश भर की भांति शनिवार को कोटपूतली थाना क्षेत्र में भी प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चला रहे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी मांगे लाल ने बताया कि इस दौरान कस्बे में विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए कुल 61 चालान काटे गये।

बौंली में स्टेट हाईवे 117 के मार्ग से अतिक्रमण हटाया

बौंली, (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग बौंली के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने शनिवार को नगर के प्रमुख मार्ग निवाई रोड पर जेसीबी की सहायता से पक्के निर्माणों को ध्वस्त करने का कार्य शुरू किया।

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व में जारी किए गए नोटिस के अनुसार सड़क के दोनों तरफ 40 -40 फीट जगह निर्धारित की गई थी लेकिन पीडब्ल्यूडी ने इसे राजनीतिक या दबंगों

- दबाव में चौड़ाई कम की
- लोगों ने मार्ग की चौड़ाई 40- 40 फीट कराने की मांग की

के प्रभाव में आकर मात्र 25- 25 फिट कर दिया है जिसस नगर के प्रबुद्ध नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस बारे में 25 दिन पूर्व में जब विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था जब भी युवाओं ने ज्ञापन सौंपकर एवं नारेबाजी कर सड़क मार्ग से पूरा अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। लेकिन

सार्वजनिक निर्माण विभाग के दस्ते ने प्रमुख मार्ग निवाई रोड से पक्के निर्माणों को ध्वस्त करने का कार्य शुरू किया।

सार्वजनिक निर्माण विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जो कि बौंली नगर के लिए अनेकों दुर्घटनाओं का कारण बनेगा।

स्टेट हाईवे 117 के यहां से गुजरने पर नगर में यातायात का दबाव ज्यादा रहेगा एवं सड़क मार्ग छोटा रहने से छात्र-छात्राएं व अन्य लोगों के वाहनों के चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहेगी। अगर इसे मापदंड के अनुसार 40-40 फीट चौड़ाई पूरी की जाती है तो बौंली नगर का सौंदर्य भी निखरेगा एवं डिवाइडर व निर्धारित 3 स्थानों पर सर्कल बनाने में पर्याप्त स्थान रहेगा। इसमें पैदल चलने वालों के लिए भी फुटपाथ की सुविधा दी जा सकेगी।

शनिवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक्शन बदन सिंह के नेतृत्व में दस्ते ने कुछ पक्के निर्माणों को ध्वस्त किया एवं फिर कार्रवाई को स्थगित कर दिया। बौंलीनगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने राजस्थान के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस बारे में तुरंत मार्ग की चौड़ाई पर्याप्त 40- 40 फीट कराने की मांग की है जिसे सार्वजनिक निर्माण विभाग की इस कार्रवाई का खुलासा हो सके।

213 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण

सांभरझील, (निसं)। यहां न्यायालय परिसर में शनिवार को तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 213 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के जरिये निस्तारण करवाया गया। ऑफ लाइन राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद के 14 प्रकरणों में राजीनामा से फैसला दिया गया। इस मौके पर मोटर दुर्घटना के मामलों में अदालत की तरफ से 98,97,500 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा 24 प्री लिटिगेशन के मामलों में 50,69,997 रुपए तथा दोनों मिलाकर 1,49,67,497 रुपये का निस्तारण करवाया गया। इस मौके पर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्र.स. 2, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा. ऋचा कौशिक, लोक अदालत बैंच के सदस्य अखिलेश दायमा, गोपीचंद कुमावत, बार एसोसिएशन अध्यक्ष हेमराज कुमावत, पूर्व अध्यक्ष शेख शमीम उल हक, दीपेंद्र सिंह खंगारोत, सचिव निशांत शर्मा, उपाध्यक्ष राहुल वीर, सह सचिव अहसानुल हक, दिलीप कुमार प्रजापत, मोहनलाल वर्मा, सुरेश शर्मा, युगराज माथुर, चांदमल सांभरिया सहित बैंक प्रबंधकों व न्यायालय स्टाफ की भी मौजूदगी रही।

कर्नाटक में जीत पर कांग्रेसियों ने लड्डू बांटे

अलवर, (निं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की प्रचण्ड बहुमत से विजय होने पर खुशी जताते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा की आंधी एवं जनता के भरोसे की बदौलत कर्नाटक में कांग्रेस की जीत हुई है।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी की रीढ प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस जीत से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। अलवर ग्रामीण विधानसभा सहित शहर में भी कांग्रेस कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया। केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के नेतृत्व में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उमरैण व मालाखेडा ब्लॉक एवं शहर में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर, जीत का यह ऐतिहासिक पल मनाया गया।

रत्ना कुमारी ने छात्राओं को 'द केरला स्टोरी' फ्री में दिखाई

पावटा, (निसं)। फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर हो रहे विरोध के बीच विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय भाजपा नेताओं ने फ्री में मूवी दिखाने का फैसला किया जिसका मकसद हिन्दू लड़कियों को जागरूक करना है।

भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी ने शनिवार को कोटपुतली शहर के गोल्ड सिनेमा हॉल में शो को बुक करवाते हुए 250 कॉलेज छात्राओं को द केरल स्टोरी मूवी दिखाकर उन्हें जागरूक करने का काम किया।

इस दौरान भाजपा नेता जगन चौधरी ने कहा कि एक विशेष समुदाय के द्वारा हिन्दू लडकियों का धर्मांतरण कर उन्हें समाज के दलदल में ढकेला जा रहा है। इस पर बनी फिल्म को हिन्दू लडकियों को दिखाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

वही रविवार को जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड व भाजपा नेता जगन चौधरी द्वारा

भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी ने कोटपुतली शहर के गोल्ड सिनेमा हॉल में 250 कॉलेज छात्राओं को द केरला स्टोरी मूवी दिखाई।

महिलाओं के लिए द केरला स्टोरी की फ्री स्क्रीनिंग रखी गई है। सांसद राठौड की ओर से रविवार 14 मई दोपहर 12 बजे से व भाजपा नेता जगन चौधरी की ओर से सुबह 9 बजे बानसूर रोड स्थित गोल्ड सिनेमा हॉल में महिलाओं व कॉलेज छात्राओं को निःशुल्क यह फिल्म दिखाई जायेगी।

राठौड ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से इस फिल्म को राजस्थान में टैक्स फ्री किये जाने की मांग भी की है। इस दौरान उमेश, जितेन्द्र जोशी, प्रदीप अग्रवाल, सीए गोपाल सिंघल, जितेन्द्र सिंह बागावास, नवीन सिंह भोनावास, दीपू सिंह पछुडाला, मदन सैनी प्रागपुरा, बलवीर सिंह, जितेन्द्र सिंह प्रागपुरा, जितेन्द्र चौधरी सहित बडी संया में कॉलेज छात्राएं उपस्थित रही।

महंगाई राहत शिविरों में प्रमाण पत्र वितरित किए

मंडावरी/लालसोट, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जिस तरह कांग्रेस को भारी जनसमर्थन मिला उससे संकेत मिले हैं कि आगामी चुनाव में भी पूरे देश से भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ होगा।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि इस बार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिस तरह की गलतफहमी पाली गई थी वह जिस तरह केंद्र की सत्ता के नशे में बेफिजूल बेसिर पैर के मुद्दों को चुनाव के दौरान लोगों के बीच रखा गया उनसे जनता को ज्ञात हुआ कि यह केवल भाजपा के चुनाव जीतने के लिए वोट

- चिकित्सा मंत्री ने औचक निरीक्षण किया

हथियाने का मात्र एक जरिया है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में अंतर एवं जनविरोधी नीतियों का ही परिणाम है कि कर्नाटक से उनको हाथ धोना पड़ा है। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत किशोरपुरा में महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का औचक निरीक्षण किया गया। शिविर में पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड का वितरण किया गया। वहीं सरपंच हरिओम मीणा एवं ग्राम विकास अधिकारी बृजमोहन मीणा ने बताया गया कि महंगाई राहत शिविर में मैं 872 लोगों द्वारा पंजीयन कराया गया। महंगाई राहत शिविर को प्रधान पंचायत समिति लालसोट एडवोकेट नाथूलाल मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। इस महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान के दौरान एसडीएम विजेंद्र मीणा तहसीलदार मदनलाल मीणा प्रधान नाथू लाल मीणा ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित सहायक विकास अधिकारी लटुर चंद मीणा सरपंच हरिओम मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

खैरथल, (निसं)। इक्यावन शक्तिपीठों में पहला स्थान रखने वाली हिंगलाज माता मंदिर वल्लभग्राम में दो दिवसीय मेला श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मेले में हुए रात्रि जागरण में राजकोट गुजरात से आए मशहूर कव्वाल कासम ने अपनी टोली के साथ रात भर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर बांधे रखा। मंदिर के पुजारी भानू सांई ने बताया कि सुबह सभी श्रद्धालु आगंतुकों को, नाश्ता कराने बाद 11 बजे झंडारोहण, सत्संग, दुपहर 1 बजे आम भंडारा, सांय 5 बजे संतों की शोभायात्रा, सांय 7 बजे आरती,रात 8 बजे आम भंडारा के बाद जागरण का आयोजन किया गया। मेले में गुजरात सहित विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत महात्मा आएं। जिनके लिए आवास की उतम व्यवस्था की गई।

'10 करोड़ की लागत से सड़कों को निर्माण होगा'

लालसोट, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के प्रयासों से लालसोट विधानसभा क्षेत्र में 20 जगह दस करोड़ रुपये लागत की करीब 33 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने बताया कि मुख्य गांव धोली से गुर्जरों की ढाणी बड़ेखन सड़क पर पानी की टंकी के पास से बाढ बलरामपुर सीमा तक पानी की टंकी से खारवाल ढाणी तक झापदा मुख्य गांव मिर्जापुर से राखला ढाणी लालसोट सीमा तक बिलोना कला से मानपुरिया ढाणी तक बाढ वाली ढाणी से गुर्जरों की ढाणी गोल तक बिडोली से कोलियों की ढाणी तक देहलाल से एड जेड बालाजी अमराबाद तक मुख्य गांव नोरंगपुरा से माधोपुरा तक पीला रामा से थुनिया वाली ढाणी इंदावा तक कुटक्या से निजाम गुर्जर ढाणी तक मुख्य गांव टूटीयावास से बाढ की ढाणी स्कूल तक मुख्य गांव रामनगर रेवड़ी से नदी वाली ढाणी वाया भागीरथ पटेल की ढाणी तक देवली सड़क पर माता जी के मंदिर के पास से रघुनाथपुरा चक नंबर दो तक राष्ट्रीय राजमार्ग 23 से दाना वाली ढाणी सुरतपुरा तक तेजाजी मंदिर से खेड़ली वाली ढाणी तक श्रीरामपुरा सड़क पर रामविलास सरपंच की कोठी से बालेर ढाणी तक मुख्य गांव गोपालपुरा से चैनपुरा कला पीर वाले बाबा की और वाया दाड्या वाली ढाणी तक सड़कों के निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है।

भाजपा के किसान सम्मेलन में 10 हजार से अधिक की भीड़ जुटी

किशनगढ़ बास, (निसं)। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अशोक गहलोत व सचिन पायलट पर हमला बोला और कहा कि अशोक गहलोत कहते हैं कि वह भी वह भी मेरे से मिले हुए हैं। उन्होंने कहा की कौन किससे मिला हुआ है यह तो 6 महीने बाद परिणाम आएंगे तब पता चलेगा की सचिन पायलट और गहलोत एक दूसरे से मिले हुए थे। यह बात भूपेंद्र यादव ने अलवर की किशनगढ़ बास विधानसभा के कोटकासिम उपखंड के गांव जोड़ियां में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार भी तुम करो और आंदोलन भी तुम करो। राजस्थान की जनता दोनों के खेल को सब समझ चुकी है और इस बार राजस्थान में कमल का बटन दबाकर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने राजस्थान के विकास के लिए योजनाओं का पैसा भेजा लेकिन सरकार ने पूरा पैसा राजस्थान के विकास पर विकास पर खर्च नहीं किया और रूमाल झपट्टा के खेल में ही समय निकाल दिया।

राजस्थान में हुए पेपर लीक मामले में भूपेंद्र यादव ने कहा पेपर लीक एक बार नहीं बार-बार हुए है और सचिन

किशनगढ़ बास के गांव जोड़ियां में किसान सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव, सांसद महंत बालक नाथ सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने संबोधित किया
- पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में सांसद बालक नाथ सहित 1 दर्जन से अधिक पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक मौजूद रहे

और गहलोत साथ में थे तब भी पेपर लीक हुए थे अब भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं।

अलवर में बढती रंगदारी और फिरौती की घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त कर सरकार को जिम्मेदार ठहराया। गहलोत सरकार एक तरफ तो राहत देने के लिए कैंप लगा रही है और दूसरी तरफ पेट्रोल डीजल पर अधिक वेट वसूल कर लहंगा किए हुए हैं।

उन्होंने कहा शिक्षा के क्षेत्र में लडकियां आगे बढ रही हैं हमें लडकों की भी चिंता करनी चाहिए लडका लडकी दोनों का पढना जरूरी है। भूपेंद्र यादव ने पूर्व विधायक रामहेत यादव की मांग पर गांव जोडिया को केंद्र सरकार की ग्राम आदर्श योजना में शामिल करते हुए 50 लाख रुपए विकास के लिए देने की घोषणा के साथ क्षेत्र के फतियाबाद राधा कृष्ण गौशाला के लिए 21 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की वहीं भूपेंद्र यादव ने पूर्व विधायक रामहेत यादव का नाम लेते हुए कहा आने वाले समय में वापस से समर्थन लेने वाले हैं।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने स्वागत भाषण में क्षेत्रीय विकास के मुद्दों को लेकर आवाज उठाई क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में मंजूर किए गए विकास के कामों को रोकने में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगाए। सांसद बालक नाथ ने भी संबोधित किया। इस मौके पर क्षेत्र के करीब एक दर्जन सरपंच पूर्व सरपंच ने कांग्रेश छोडकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

किसान सम्मेलन में भूपेंद्र यादव के स्वागत के लिए पूर्व मंत्री हेम सिंह भडाना, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, पूर्व विधायक जयराम जाटव, मोहित यादव, महेंद्र यादव देवी सिंह भाटी, रामकिशन मेघवाल बलवान यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष उमेद सिंह भाया बन्नाराम तिजारा प्रधान जेपी यादव किशनगढ बास नगर पालिका चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल खैरथल चेयरमैन हरीश रोघा पूर्व चेयरमैन अशोक डाटा जोड़ियां सरपंच रेणू यादव वीर सिंह यादव होशियार सिंह सहित अनेक नेता उपस्थित रहे।

मातृ दिवस पर कई जगह कार्यक्रम हुए

फुलेरा, (निसं)। कस्बे में शनिवार को शैक्षिणक संस्थानों में मातृ दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसके चलते जगदम्बा कॉलोनी स्थित परिष्कार पब्लिक स्कूल में मदर्स डे संस्था प्रधान चन्दा वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। संस्था सचिव सुनील वर्मा ने बताया कि वरिष्ठ शिक्षिका रेखा वर्मा के नेतृत्व में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंच संचालन शिक्षिका सपना पुरी ने किया।

वहीं आदर्श कॉलोनी में संचालित त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में संस्था प्रधान सीमा शर्मा की अध्यक्षता में मदर्स डे पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित संरक्षिका उर्मिला देवी सुरोलिया के द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए संस्था सचिव मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि अभिभावक माताओं के लिए विभिन्न खेल (हेल्थी ड्रिंक, ब्लाइंड गेम, डाइस गेम) प्रश्नोत्तरी और आशुभाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। वही उच्च प्राथमिक स्तर पर वरिष्ठ शिक्षिका चंचल कुमावत के सानिध्य में बच्चो के लिए मातृ दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई।

सार-समाचार

न्यू स्टेट एकेडमी के छात्रों ने बाजी मारी

बहरोड़/ अलवर, (निसं)। अलवर जिले की बहरोड़ तहसील के तसींग रोड पर स्थित न्यू स्टेट एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 10 व कक्षा 12 में सीबीएसई बोर्ड 2022-23 के परीक्षा परिणामों में फिर से इतिहास रचकर बाजी मारी है। संस्था निदेशक दीपक यादव ने विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को माला एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित कर मुंह मीठा कराया। गौरतलब है कि एकेडमी के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड में कक्षा 10 के विद्यार्थी कार्तिक यादव 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया। वहीं पुनीत द्वारा 95. 8 प्रतिशत से दूसरे स्थान पर रहने के चलते विद्यालय के करीब 75 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 12 में चिराग यादव के 92. 2 प्रतिशत से प्रथम एवं छात्रा साक्षी द्वारा 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरे स्थान सहित करीब 72 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

पायलट की यात्रा को लेकर जनसम्पर्क

कोटपूतली, (निसं)। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट द्वारा 11 मई को अजमेर से शुरू की गई जन संघर्ष पद यात्रा आगामी 15 मई को राजधानी जयपुर पहुंच कर समाप्त होगी। इस मौके पर जयपुर में विशाल जनसभा का आयोजन होगा। जनसभा में शामिल होने के लिए कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व आमजन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर के नेतृत्व में राजधानी जयपुर के लिए कूच करेंगे। गुर्जर ने बताया कि जन संघर्ष पदयात्रा को लेकर होने वाली सभा के सम्बंध में विभिन्न गांवों में युवाओं व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

'द केरला स्टोरी' फिल्म देखने के लिए उमड़ी छात्राओं की भीड़

कोटपूतली, (निसं)। संघ परिवार एवं संघ के अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, हिंदू जागरण मंच आदि द्वारा बानसूर रोड़ स्थित गोल्ड सिनेमा में विभिन्न महाविद्यालय की छात्राओं को द केरला स्टोरी फिल्म दिखाई गई। फिल्म देखने के लिए छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जिला सम्पर्क प्रमुख उमराव लाल वर्मा, हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक प्रदीप अग्रवाल, नगर संयोजक जितेंद्र शर्मा, अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, नगर मंत्री राहिल सैनी, एबीवीपी के जयपुर प्रांत संयोजक भीमसिंह पायला, पूर्व जिला संयोजक पंकज शेरावत, नगर मंत्री देवेंद्र आर्य, जिला प्रचारक राकेश कुमार, जितेंद्र चौधरी, मदनलाल सहित बड़ी संख्या में छात्रायें मौजूद थी।

शिव पार्वती विवाह में उमड़े भक्त

मालपुरा, (निसं)। खाण्डल विप्र सेवा सदन में गोवला परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण की कथा के चौथे दिन शनिवार को भगवान शिव व पार्वती विवाह की सजीव झांकी सजा विवाह का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। भगवान शिव व पार्वती के विवाह में महिला श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर दान पुण्य कर कन्यादान किया। कथावाचक आचार्य निशांत कृष्ण शास्त्री ने माता अनुशिया की कथा सुनाते हुए दक्ष प्रजापति द्वारा भगवान शंकर को अपमानित करने के लिए यज्ञ में नहीं बुलाने एवं बिन बुलाये सती के यज्ञ में जाना व यज्ञ में शिवजी को स्थान नहीं देने पर सती द्वारा स्वयं को अपमानित मानते हुए अग्नि को समर्पित करने की कथा सुनाई गई।

मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

नारायणपुर, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदपुरी के ग्राम फूटा जोहडा में शनिवार को वीर हनुमानजी महाराज के मंदिर निर्माण के लिए पंडितों द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन कर नींव रखी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा का आयोजकों ने माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकार रामसिंह और जगराम महासी के द्वारा श्रोताओं को दिनभर नेहड़े कार्यक्रम के माध्यम से महाभारत का इतिहास सुनाया गया। इस दौरान आयोजित भण्डारे में ग्रामीणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर पुजारी भैरू स्वामी, कमलेश चौहान, मुंशी गुर्जर, रामशरण स्वामी, कैलाश चन्द, घीसादास स्वामी, हरपाल गिराटी, हरिराम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

आज 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

निवाई, (निसं)। विद्युत फीडर पर मरम्मत कार्य को लेकर रविवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में 4 घंटे बिजली बंद रहेगी। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि विद्युत फीडर मरम्मत कार्य को लेकर रविवार को सुबह 6 से 10 बजे तक बड की ढाणी, उपखंड अधिकारी कार्यालय, चौधरी कॉलोनी, ढाणी जुगलपुरा, नला रोड, रैगरों की ढाणी, बाईपास एवं झिलाय रोड के आसपस के क्षेत्र की बिजली बंद रहेगी।

कांग्रेसियों ने मिठाई खिलाई

टोंक, (निसं)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत होने पर नगर परिषद सभापति अली अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों ने घंटाघर चौक पर आतिशबाजी कर एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देते हुए खुशी जाहिर की। इस मौके पर रामलाल सेलीवाल, इरशाद बेग, अत्ताउल्ला खां एवं पार्षद मुजाहिद, जिशान मुद्दस्सर आदि मौजूद रहे। वही सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक खान के नेतृत्व में सेवादल के महासचिव सुभाष मिश्रा, मोहसिन रशीद, अब्दुल सुलेमान, अरशद चिश्ती, पार्षद युसूफ इंजीनियर, अमजद, अहसान बाबा एवं पार्षद अशरफ गुज आदि ने भी घंटाघर पर आतिशबाजी कर खुशी जताई।

सरसों व चने की तुलाई बंद

मालपुरा, (निसं)। राजफेड व नेफैड द्वारा क्रय-विक्रय सहकारी समिति के सहयोग से कृषि मंडी में समर्थन मूल्य पर खरीद केन्द्र खोल समर्थन मूल्य में की जा रही सरसों व चने की खरीद का कार्य बारदाने के अभाव में बंद हो जाने से किसान परेशान हुए। केवीएसएस के भंवर लाल विजय ने बताया कि समर्थन मूल्य पर जिन्सों की खरीद व तुलाई के लिए बारदाना खत्म हो जाने के चलते बारदाना उपलब्ध होने तक समर्थन मूल्य पर चना व सरसो की खरीद 14 मई से बंद रहेगी।

माधव दास महाराज का स्वागत

देवली, (निसं)। संत शिरोमणि नामदेवजी महाराज के भक्ति भाव से प्रचार प्रसार के लक्ष्य को लेकर यात्रा पर निकले भक्त संत माधव दास महाराज का देवली पहुंचने पर किया स्वागत। माधव सत्संग सेवा आश्रम हरियाणा से संत शिरोमणि नामदेवजी महाराज के भक्ति भाव से प्रचार प्रसार के लक्ष्य को लेकर हरियाणा से महाराष्ट्र तक मोटरसाइकिल पर निकले परम भक्त संत माधव दास महाराज का देवली में श्री नामदेव मारवाड़ी टाक क्षित्रय दर्जी समाज द्वारा स्वागत किया गया।

अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

पावटा, (निसं)। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा का जन्मदिन बडी धूम-धाम से मनाया । जहाँ नगर के गणमान्य लोगों ने इकट्ठे होकर नगर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष का जन्मदिन का केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पावटा ब्राह्मण महा सभा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, चंद्रप्रकाश गौड, दिनेश शर्मा, मुकेश गोयल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई दी।